प्राथमिक चिकित्सा और गृह उपचार प्रशिक्षण शिविर का समापन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के तत्वावधान में जिला रैड क्रास सोसायटी फरीदाबाद और सेंट जोन एम्बुलैंस एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से दिनाँक 12–10–2015 से चल रहे पाँच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा और गृह उपचार प्रशिक्षण शिविर का समापन दिनाँक 16–10–2015 को हुआ. इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता जी उपस्थित थे. इस शिविर में महाविद्यालय की युवा रैड क्रास की तीनों इकाइयों के 135 स्वयंसेवकों ने भाग लिया. इस शिविर के मुख्य ट्रेनर श्री रतन सिंह आजाद थे जिन्होने बताया इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा रैड क्रास के स्वयंसेवकों को विशेष परिस्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा व गृह उपचार की जानकारी देना था. शिविर के कार्यक्रम संयोजक डॉ० जयपाल सिंह ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न हड्डियों के टुटने पर उसके उपचार, प्रयोग होने वाली विभिन्न पट्टियों, आग से जलने का उपचार, दुर्घटना में घायल व्यक्ति को कैसे उठाना है और अस्पताल पहुँचाना है, सांप, नेवला, बिच्छु व पागल कुत्ते के कॉटने व जहर फैलने पर उपचार तथा रक्त संबंधी जानकारियाँ व रक्तदान करने के लिए प्रेरणा जैसे विषयों पर जानकारियाँ दी गई. इस अवसर पर मुख्य ट्रेनर श्री रतन सिंह आजाद द्वारा प्राथमिक चिकित्सा पर एक फिल्म भी दिखाई गई. प्राचार्य डॉ० कृष्ण कान्त ने अन्त में इसके सफल आयोजन पर युवा रैड क्रास ईकाई के तीनों संयोजकों डॉ० जयपाल सिंह, डॉ० विनोद राठी व डॉ० उषा चौधरी को बधाई दी. अन्त में डॉ० विनोद राठी ने मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता, ट्रेनर श्री रतन सिंह आजाद, उपस्थित संयोजकों व स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया.